हरियाणा सरकार ने क्रिटिकिल केयर ब्लॉक और डीआईपीएचएल के लिये सीपीडब्ल्यूडी के साथ किये एमओयू पर हस्ताक्षर

चर्चा में क्यों?

23 नवंबर, 2023 को हरियाणा सरकार ने राज्य में 15 क्रिटिकिल केयर ब्लॉक और 17 ज़िला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (डीआईपीएचएल) के निर्माण के लिये केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू होगा। अंबाला कैंट में क्रिटिकिल केयर ब्लॉक का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है और इसका 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिसके दिसंबर 2024 तक पूरा होने की संभावना है।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. जी. अनुपमा ने कहा कि केंद्र सरकार से सिविल अस्पताल अंबाला कैंट में क्रिटिकिल केयर ब्लॉक और ज़िला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला के निर्माण के लिये दूसरी किस्त जारी करने का अनुरोध किया गया है। इस परियोजना के लिये कुल बजट का 90 प्रतिशत 18.92 करोड़ रुपए में से 16.63 करोड़ रुपए का उपयोग किया जा चुका है।
- इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग को राज्य में दो क्रिटिकिल केयर ब्लॉक और पाँच ज़िला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं के निर्माण का कार्य भी सौंपा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-government-signs-mou-with-cpwd-for-critical-care-block-and-diphl